भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1839

जिसका उत्तर 11.02.2021 को दिया जाना है

राजस्थान में भारतमाला परियोजना

1839. श्रीमती जसकौर मीना:

श्री निहाल चन्द चौहान:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारतमाला परियोजना की मुख्य विशेषताएं क्या हैं और विगत तीन वर्षों के दौरान राजस्थान के संबंध में इस प्रयोजन के लिए कितनी निधि स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई है;

(ख) उक्त परियोजना के अंतर्गत निर्धारित और प्राप्त किए गए लक्ष्य क्या हैं;

(ग) क्या सरकार का इसके अंतर्गत राजस्थान में और अधिक सड़कों के निर्माण का विचार है;

(घ) यदि हां, तो दौसा और गंगानगर सहित तत्संबंधी जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ड.) इस प्रयोजन के लिए आवश्यक अनुमानित निधि कितनी है; और

(च) उक्त कार्यों के कब तक शुरू होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख): भारतमाला परियोजना में राष्ट्रीय राजमार्गों के 34,800 किलोमीटर के निर्माण की परिकल्पना की गई है, जिसमें 5,35000 करोड़ रु. की अनुमानित लागत से 10,000 किमी की शेष एनएचडीपी की लंबाई शामिल है। अब तक 4,46,330 करोड़ रु. की अनुमानित लागत पर 15,880 किमी की लंबाई को कवर करने वाले 425 काम अनुमोदित किए गए हैं और पिछले 3 वित्तीय वर्षों के दौरान 99,599 करोड़ रु. की अनुमानित लागत पर 4070 किलोमीटर लंबाई का निर्माण किया गया है, जिसमें राजस्थान राज्य शामिल है।

(ग) से (च): भारतमाला परियोजना के तहत दौसा और गंगानगर जिले सहित राजस्थान राज्य में 39,600 करोड़ रु. की अनुमानित लागत पर 2130 किलोमीटर लंबाई की 45 परियोजनाओं को विकास के लिए चिंहित किया गया है। भारतमाला परियोजना के चरण-I के तहत सभी परियोजना को वित्तीय वर्ष 2024-2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

*****